# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## वीरवार, 7 अप्रैल, 2016/18 चैत्र, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 20**

----

### निजी साक्षात्कार समाप्त करना

1360 **श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार केन्द्र सरकार के निर्णयानुरूप प्रदेश में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती में निजी साक्षात्कार (Personal Interview) की शर्त को हटाने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक?

----

### Government Primary Schools

1361 **Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :**
**Sh. Inder Singh(Sarkaghat) :**
**Sh. Suresh Kumar(Pachhad) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many GPS are there in the State (figures be given District-wise);

(b) how many posts of all categories of Primary Teachers are lying vacant in the State, details be given block-wise;

(c) how many trained JBT have cleared TET, when was their last recruitment done in the State; and

(d) during the last three years how many schools were opened and upgraded by the Government, details be given constituency-wise?

----

## भूमि का हस्तान्तरण

1362 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जोगिन्द्रनगर में अग्निशमन केन्द्र राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटिड के भवन/भूमि पर कार्य कर रहा है; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस भवन/भूमि को अग्निशमन विभाग के नाम करने हेतु प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है; यदि नहीं, तो कारण; ब्यौरा मामले की अद्यतन स्थिति सहित सभा पटल पर रखें ?

----

## कैम्प कार्यालय

1363 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि जिला सोलन के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (R.T.O.) में 50% से ज्यादा कार्य नालागढ़ उप-मण्डल से सम्बन्धित होता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (R.T.O.) सोलन का महीने में एक सप्ताह तक कैम्प कार्यालय बद्दी में खोलने पर विचार करेगी; यदि नहीं, तो कारण?

----

## पुल निर्माण

1364 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 13 अप्रैल, 2015 को बुघार व कुठाड़ में गम्बर एवं कुठाड खड्ड पर पुल निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया था;

(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक शुरू कर दिया जायेगा?

----

## कनिष्ठ अभियन्ताओं की नियुक्तियां

1365 **श्री राम कुमार (दून)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में दून विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत उप-मण्डल बरोटीवाला, मानपुरा व गोयला में कनिष्ठ अभियन्ता के कितने-कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने भरे हुए तथा कितने रिक्त हैं; ब्यौरा उप-मण्डलवार दें?

----

## Schemes Under CRF

1366 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh)**:

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many schemes (Roads & Bridges) stand sanctioned under CRF (Interstate Connectivity) in the State as well as Nalagarh Assembly Constituency; and

(b) how many stand sponsored to GOI (Ministry of Rural Development) for approval in respect of State as well as Nalagarh Assembly Constituency; details be given ?

----

## Pending Roads

1367 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh)**:

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) how many roads in the State vis-a-vis Nalagarh Assembly Constituency are waiting approval under PMGSY (Phase-I) for want of FCA clearance; details be given;

(b) how many roads in respect of Nalagarh Assembly Constituency are pending for FCA clearance for want of payment of NPV(Net Payable Value); details be given;

(c) how many roads are pending for approval under PMGSY(Phase-II) in the State vis-a-vis Nalagarh Assembly Constituency; details be given; and

(d) by when the NPV of the roads will be paid and approval of roads be obtained?

----

## Channelization of Khads

1368 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) during the financial year 2014-2015 how many projects named channelization of various khads and c/o small dams wherever feasible stand sponsored as MLA priority under Nalagarh Assembly Constituency;

(b) whether the work of carrying out the model studies which is normally prerequisite of such type of DPRs, has been started ;

(c) during the last two years what are the reasons for not taking the above work in hand; details be given; and

(d) when the DPRs will be prepared for its onward sponsorship to MOWR (GOI) for approval and allotment of funds?

----

## सड़कों को पक्का करना

1369 **श्री बम्बर ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में ग्रामीणों या पंचायतों द्वारा सड़कों का निर्माण किया गया है; उन्हें वन विभाग द्वारा पक्का नहीं किया जा रहा है और न ही अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किए जा रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन सम्पर्क सड़कों को पक्का करने बारे नीति बनाने पर विचार करेगी?

----

## भुवनेश्वरी महाविद्यालय सुन्दरनगर

1370 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सुन्दरनगर भुवनेश्वरी कॉलेज में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट के कोर्स की मान्यता प्रदेश सरकार से प्राप्त है; ब्यौरा दें?

----

## वॉटरशैड परियोजनाएं

1371 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर)**ः

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में जिला कांगड़ा के कितने विकास खण्डों के अन्तर्गत वॉटरशैड परियोजनाएं कार्यान्वित की गई तथा इस पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा वर्षवार व खण्डवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि जसवां-प्रागपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत यह परियोजना लागू की गई है; यदि हां, तो इस क्षेत्र की किस-किस पंचायत में क्या-क्या कार्य किए गए तथा किस-किस एजैंसी व व्यक्ति के माध्यम से करवाए गए तथा इस पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा दें?

----

## उद्योग की स्थापना

1372 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू के मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सारी में रामावाई स्थान पर उद्योग विभाग के नाम भूमि है;

(ख) यदि हां, तो कितनी; और

(ग) सरकार क्या इस भूमि पर ग्रामीण उद्योग, फल, सब्जी, बुनकर, दूध उत्पादन इत्यादि व्यवसायों को चलाने की अनुमति देने पर विचार करेगी?

----

## सड़क निर्माण

1373 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा निर्मित कितनी सड़कें लोक निर्माण विभाग को हस्तांतरित की जानी अपेक्षित हैं; ब्यौरा दें?

----

## जगतसुख-भनारा सड़क

1374 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग द्वारा जगतसुख से भनारा गाँव तक सड़क निर्माण किया जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो इस सड़क की कितनी कि0 मी0 लम्बाई व चौड़ाई है तथा किस योजना के अन्तर्गत बनाई जा रही है;

(ग) यह भी सत्य है कि इस सड़क का कुछ भाग ए0डी0एच0पी0एल0 के नाम पर है; और

(घ) यदि हां, तो इस भाग में सड़क निर्माण हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें ?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छम्यार

1375 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) PHC छम्यार में कितने डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स और अन्य स्टाफ के पद सृजित किये हैं; विवरण दें; और

(ख) इनमें से कितने डॉक्टरों, फार्मासिस्टों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों के पद रिक्त हैं; पूर्ण विवरण दें ?

----

## लो-वोल्टेज की समस्या

1376 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ऐसे गांव हैं जहां अभी भी कम वोल्टेज की समस्या है; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ख) सरकार ने इस समस्या को दूर करने के लिए क्या कदम उठाए हैं; ब्यौरा दें ?

----

## राष्ट्रीय उच्च मार्ग की मरम्मत

1377 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि इस वित्तीय वर्ष में दिनांक 31-01-2016 तक प्रदेश सरकार को हमीरपुर जिले के राष्ट्रीय उच्च मार्गों की मरम्मत तथा पुल निर्माण हेतु केन्द्र सरकार से कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई तथा कितनी खर्च की गई; ब्यौरा राष्ट्रीय उच्च मार्ग/पुलवार दें?

----

## Construction of Works

1378 **Sh. Narinder Thakur (Sujanpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) from 1st January, 2013 to 31st January, 2016 how many works have been constructed or are under construction under Tauni Devi PWD Division without the allocation of funds;

(b) what is the source of funds of such works; and

(c) whether any approval has been taken to divert the funds from the competent authority?

----

## बन्दरों की नसबंदी

1379 **श्री यादविन्द्र गोमा (जयसिंहपुर)ः**

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जयसिंहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग द्वारा बन्दरों की गिनती की गई है; और

(ख) यदि हां, तो गत एक वर्ष में विभाग द्वारा कितने बन्दरों की नसबंदी किस-किस केन्द्र द्वारा करवाई गई तथा नसबंदी उपरान्त किस-किस स्थान पर छोड़ा गया; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 22 मार्च , 2016 .** **सचिव।**